

# यूपीआई पेमेंट में चार्ज को लेकर टेंशन में व्यापारी

## यूपीआई पेमेंट को लेकर सरकार द्वारा 15 अक्टूबर से लागू होने वाले नियमों को लेकर व्यापारी कर रहे विरोध और असमंजस में आम आदमी

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 सितम्बर। यूपीआई पेमेंट पर नए चार्ज सिस्टम को लेकर व्यापारियों में काफी चिंता और नाराजगी देखी जा रही है। सरकार द्वारा 15 अक्टूबर 2026 से 2 हजार रुपये से अधिक के पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) यूपीआई ट्रांजैक्शन पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाने की तैयारी की जा रही है। इस फैसले के बाद देश भर के व्यापारी और व्यापारिक संगठन के साथ आम आदमी भी असमंजस में हैं।**

नए नियमों की बारीकियों पर नजर दौड़ाई जाये तो नए यूपीआई चार्ज के मुख्य नियम 0.4 प्रतिशत एमडीआर चार्ज 2 हजार रुपये से अधिक के व्यावसायिक (मर्चेंट) ट्रांजैक्शन पर 0.4 प्रतिशत का शुल्क लगेगा। अधिकतम चार्ज की सीमा 75 हजार रुपये या उससे अधिक के पेमेंट पर 300 रूपये तय की गई है। नये नियम में छोटे दुकानदारों को राहत दी गई है। क्यूआर कोड के जरिए महीने में 1 लाख रुपये तक की कमाई करने वाले छोटे मर्चेंट्स को इस एमडीआर से छूट दी गई है। ग्राहकों के लिए पूरी तरह फ्री व्यवस्था रहेगी। आम यूज़र्स या ग्राहकों से सीधे कोई चार्ज नहीं लिया जाएगा। पर्सन-टू-पर्सन यानी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के बीच होने वाले ट्रांसफर भी पूरी तरह मुफ्त रहेंगे। व्यापारियों की चिंता के मुख्य कारण मुनाफे पर होने वाले असर को लेकर है। खुदरा विक्रेता संघ (आरएआई) और क्लोथिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीएमएआई) जैसी संस्थाओं के अनुसार यह नियम ऐसे समय में आ रहा है जब त्यौहारी सीजन की शुरुआत हो रही है। बड़े ट्रांजैक्शन




पर लगने वाले इस शुल्क से व्यापारियों के प्रॉफिट मार्जिन पर सीधा असर पड़ेगा। नई व्यवस्था से कैश की तरफ लौटने का डर भी है। कई छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारियों का मानना है कि इस चार्ज से बचने के लिए वे ग्राहकों को नकद भुगतान करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। इससे डिजिटल इंडिया और औपचारिक डिजिटल अर्थव्यवस्था को झटका लग सकता है। व्यापारियों को लागत बढ़ने की आशंका भी है। व्यापारियों का कहना है कि वे पहले से ही जीएसटी और अन्य व्यावसायिक खर्च दे रहे हैं। ऐसे में अतिरिक्त एमडीआर शुल्क का बोझ या तो उन्हें खुद उठाना होगा या फिर मजबूरी में सामान के दाम बढ़ाने होंगे।

### इनका कहना है



यूपीआई पेंमेंट में चार्ज लगने से इसका बोझ ग्राहक पर पड़ेगा। सरकार का तो कहना है कि इसमें ग्राहकों को 2000 तक फ्री है लेकिन इससे ऊपर के ट्रांजेक्शन में जो 0 .4 प्रतिशत का चार्ज लगेगा, तो सरकार का कहना है कि यह ग्राहकों से नहीं लिया जायेगा। लेकिन ऐसा क्या संभव है। कोई दुकानदार या तो अपने मार्जिन में बढ़ायेगा या प्राफिट में बढ़ायेगा। 15 अक्टूबर से इसके लागू होने की जानकारी मिल रही है। इसके बाद पार्टी के केन्द्रीय या प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकर्ता इस व्यवस्था का पुरजोर विरोध करेंगे।

**ज्ञान सिंह, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सीधी**



यूपीआई पेमेंट लागू करने के पीछे सरकार की यह मंशा थी कि डिजिटली पेमेंट व्यवस्था शहर से लेकर गांवों तक पहुंचे। सरकार की यह मंशा उसकी उम्मीदों से ज्यादा सफल भी रही। अब सवाल यह उठ रहा है कि यूपीआई पेमेंट में चार्ज लगाने की आवश्यकता क्यों पड़ गई। 15 अक्टूबर से जो यूपीआई पेमेंट में चार्ज लगने वाला है इसको लेकर एक नई बहस छिड़ गई है। इस नई समस्या से देश के सभी व्यापारियों एवं ग्राहकों के सामने काफी चिंता व्याप्त हो गई है।

**अमित गुप्ता, सचिव नगर व्यापारी संघ सीधी**

# वन विभाग एवं संजय टाइगर रिजर्व की संयुक्त बैठक आयोजित



नवभारत न्यूज

**सीधी 18 सितम्बर। कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में वन विभाग एवं संजय टाइगर रिजर्व की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण के साथ वन क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों की सुविधाओं, वनाधिकार पट्टों, विकास कार्यों तथा मानव-वन्यप्राणी संघर्ष से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।**

बैठक में सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, कलेक्टर विकास मिश्रा, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के सदस्य डॉ.कैलाश तिवारी, संजय टाइगर रिजर्व के ज्वाइंट डायरेक्टर राजेश कन्ना टी, डीएफओ श्रीमती प्रीती अहिरवार, संभागीय प्रबंधक वन विकास निगम राकेश कोपाड़े सहित वन विभाग, संजय टाइगर रिजर्व एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वनाधिकार पट्टों, प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजातीय समूह क्षेत्रों में सड़क एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं, वन क्षेत्रों में विकास कार्य, वन्यप्राणी संरक्षण तथा मानव-वन्यप्राणी संघर्ष जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि वन क्षेत्रों से विस्थापित परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ और आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जब तक शत-प्रतिशत विस्थापन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो जाती, तब तक प्रभावित परिवारों के अधिकारों और पात्रता के अनुसार उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने वन्यप्राणियों के संरक्षण के साथ उनके प्राकृतिक आवास में पर्याप्त भोजन एवं पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने मानव-वन्यप्राणी संघर्ष की घटनाओं को रोकने तथा ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए वन विभाग एवं स्थानीय प्रशासन के बीच प्रभावी समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में वन्यप्राणियों से होने वाले नुकसान, ग्रामीणों की समस्याओं एवं फसल क्षति से जुड़े मामलों पर भी चर्चा की गई।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता : विश्वामित्र पाठक

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 सितम्बर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत रानी कुमारी मंदिर लौआ में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ, जहां में 5100 दीप प्रज्वलित किए गए।**



कार्यक्रम में विधायक विश्वामित्र पाठक ने दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं शतायु जीवन की मंगलकामना की। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस को सेवा और जनभागीदारी के संकल्प के साथ मनाना समाज एवं राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी को मजबूत करता है। मोदी जी के नेतृत्व में देश तीव्र गति से विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और विश्व पटल पर एक अग्रणी राष्ट्र के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों एवं लाभार्थियों सहित ग्राम पंचायत लौआ तथा आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में ग्रामीजनों ने उत्साहपूर्वक शामिल हुए। 5100 दीपों के एक साथ प्रज्वलन से रानी कुमारी मंदिर परिसर रोशनी से जगमगा उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की निरंतर प्रगति तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की सामूहिक कामना की। इस दौरान सेवा संकल्प अभियान के विधानसभा प्रभारी केके तिवारी, एसडीएम राकेश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र पाण्डेय, तहसीलदार हिमांशु शुक्ला, सीईओ रोहित उपाध्याय, परियोजना अधिकारी श्रीमती अनुसुइया बाजपेयी, अनिल पाण्डेय सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थीगण, भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय आत्मीय जन उपस्थित रहे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने ज्ञान महाविद्यालय पहुंचकर छात्र-छात्राओं से किया संवाद

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 सितम्बर। इंदौर में 19 सितम्बर को आयोजित होने वाले छात्रों की गूंज कार्यक्रम में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा छात्र-छात्राओं एवं युवाओं से किए जाने वाले संवाद का लाइव प्रसारण जिला कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन सीधी में किया जाएगा। कार्यक्रम में राहुल गांधी युवाओं के सवालों, उनके अधिकारों, शिक्षा, रोजगार और बेहतर भविष्य से जुड़े विषयों पर संवाद करेंगे।**



इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने शुक्रवार को ज्ञान महाविद्यालय सीधी पहुंचकर छात्र-छात्राओं एवं युवा साथियों से मुलाकात की। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा उनके भविष्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर आत्मीय संवाद किया और उनकी बातों को सुना। ज्ञान सिंह ने छात्र-छात्राओं को 19 सितम्बर को इंदौर में होने वाले छात्रों की गूंज कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि युवाओं की आवाज और उनके सवाल लोकतंत्र में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कार्यक्रम के लाइव प्रसारण में शामिल होने के लिए छात्र-छात्राओं एवं युवा साथियों को आमंत्रित किया। इस दौरान ज्ञान सिंह ने युवाओं को कार्यक्रम से संबंधित पंपलेट वितरित किए तथा अधिक से अधिक संख्या में जिला कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन सीधी पहुंचकर राहुल गांधी के संबोधन का लाइव प्रसारण देखने का आग्रह किया। श्री सिंह ने कहा कि युवाओं के शिक्षा, रोजगार और भविष्य से जुड़े सवालों पर संवाद जरूरी है। छात्रों की गूंज युवाओं को अपनी बात रखने और उनके मुद्दों को सामने लाने का अवसर प्रदान करेगा। सीधी के छात्र-युवा भी बड़ी संख्या में जवाहर भवन पहुंचकर इस संवाद से जुड़ें।

# मझौली महाविद्यालय में विविध कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**मझौली 18 सितम्बर। म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देश के अनुपालन एवं प्राचार्य डॉ.गीता भारती के मार्गदर्शन में शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में सेवा संकल्प अभियान के नेतृत्व में विकसित भारत/2047 के विजन को केन्द्र में रखते हुए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मेरे सपनों का भारत सहित विकसित भारत/2047 की परिकल्पना पर अपने विचार व्यक्त किए। भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों ने आत्मनिर्भरता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और तकनीकी प्रगति जैसे विषयों पर अपनी कल्पनाएं साझा कीं। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति सकारात्मक सहभागिता की भावना विकसित करना रहा। विद्यार्थियों ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में युवा पीढ़ी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। भाषण प्रतियोगिता में कृष्णा गुप्ता प्रथम, वैष्णवी मिश्रा द्वितीय एवं आशीष यादव तृतीय स्थान पर रहे।

# मुख्यमंत्री जन विश्वास एवं सेवा संकल्प अभियान के शिविर में हितग्राहियों को मिला योजनाओं का संबल

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 सितम्बर। मुख्यमंत्री जन विश्वास एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय शिविर का आयोजन मानस भवन सीधी में किया गया। कार्यक्रम में सांसद डॉ.राजेश मिश्रा एवं विधायक रीती पाठक की उपस्थिति में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए।**



सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना और आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में विकास और जनकल्याण के कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर संपर्क एवं शिविर आयोजित किए जाएं। विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में विकास के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी जरूरतों को पूरा करना सुशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं तभी सार्थक होती हैं जब उनका लाभ पात्र व्यक्ति तक समय पर पहुंचे। उन्होंने वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित कर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने तथा पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ने पर जोर दिया। विकसित भारत/2047 की परिकल्पना को साकार करने में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता जरूरी है और शासन-प्रशासन इसी दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने स्टॉलों का निरीक्षण कर नागरिकों को उपलब्ध योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जबकि पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों को विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने उपस्थित जनों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई और स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सहभागिता का आह्वान किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि सहित जिले के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

### एक नजर में

## मृतक के परिजनों को मिला दुर्घटना बीमा लाभ




सीधी। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत मानस भवन सीधी में आयोजित जिला स्तरीय शिविर में एक परिवार को आर्थिक संबल मिला। सड़क हादसे में मृतक पवन कुमार गुप्ता के परिजन को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सीधी मुख्य शाखा द्वारा दुर्घटना बीमा के तहत 2 लाख रुपये की बीमा राशि का चेक प्रदान किया गया। मृतक पवन कुमार गुप्ता की नामिनी उनकी माता श्यामकली पत्नी राम सुमेर निवासी हड़बड़ो को सांसद डॉ .राजेश मिश्रा एवं विधायक रीती पाठक द्वारा बीमा राशि का चेक प्रदान किया गया। बैंक अधिकारियों ने बताया कि बैंक की योजना के अंतर्गत खाताधारकों को उनके एटीएम कार्ड के प्रकार के अनुसार नि :शुल्क दुर्घटना बीमा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

## न्यायिक अधिकारियों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



सीधी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयागलाल दिनकर के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय सीधी में 'उल्लास-एक अभिनव प्रयोग' के अंतर्गत शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायिक अधिकारियों, अभियोजन अधिकारियों, न्यायालयीन कर्मचारियों एवं न्यायालय परिसर के अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में न्यायाधीशगण यतीन्द्र कुमार गुरू, मनीष श्रीवास्तव, रवीन्द्र शर्मा, सतीश मणि त्रिपाठी, विनोद कुमार वर्मा, सोनू जैन एवं मनीष कौशिक ने सहभागिता की। इसी प्रकार अभियोजन अधिकारीगण सतीश गुप्ता, नवीन वर्मा एवं रेनू रावत, सिस्टम ऑफिसर रामकिशोर मिश्रा, अधिवक्तागण ऋषभ सिंह एवं मनोज सिंह तथा न्यायालयीन कर्मचारीगण अजीत तिवारी, संतोष कुमार पटेल व जाहर सिंह सहित अन्य न्यायालयीन कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर शिविर में सहभागिता की।

# वनोपज सहकारी समिति कठौली में वार्षिक आमसभा का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 सितम्बर। प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. कठौली की वार्षिक आमसभा वनरक्षक नाका कठौली में समिति अध्यक्ष कलिंद सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।**



बैठक में प्रबंधक बाबूलाल साकेत ने वित्तीय वर्ष 2025.26 के आय व्यय का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक मे लघु वनोपज संघ के माध्यम से तेंदुपत्ता संग्राहकों के लिए संचालित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित पदाधिकारियों एवं संग्राहक सदस्यों ने अपने विचार रखें संचालन प्रबंधक बाबूलाल साकेत ने किया। इस अवसर पर समिति के प्रतिनिधि तेजबली सिंह, राजकुमार साहू, कंधई प्रसाद कोरी, विष्णु बहादुर सिंह, लालमणि पनिका, सत्यराज सिंह, कृष्ण कुमार पनिका, रोकड़ पाल कठौली, बाबूलाल रजक सहित पदाधिकारी एवं संग्राहक सदस्य उपस्थित रहे।

# रोली मेमोरियल में कंबल वितरण आज

**सीधी।** शहर के रोली मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा रोली मेमोरियल भवन में 19 सितम्बर दिन शनिवार को गरीबों को कंबल, दरी एवं चादर का वितरण सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। रोली मेमोरियल ट्रस्ट के ट्रस्टी वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी चंद्र मोहन गुप्त ने बताया है कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 500 से अधिक गरीब और जरूरतमंद लोगों को ऊनी कंबलए दरी और चादर की किट का वितरण शनिवार की प्रात: 9 बजे से प्रारंभ होगा।

# मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के शिवराज सिंह चौहान बने जिला अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 सितम्बर।** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ भोपाल के प्रांतीय अध्यक्ष विजय मिश्रा ने संविधान में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद द्वारा शिवराज सिंह चौहान प्राथमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक विद्यालय कुर्रवाह, संकुल केन्द्र अमरवाह विकासखंड सीधी, जिला सीधी को संघ की जिला शाखा सीधी का अध्यक्ष मनोनीत किया है। शिवराज सिंह चौहान ने अपनी नियुक्ति पर आभार ज्ञापित करते हुए कहा है कि मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारियों के हितों के लिए पूर्ण समर्पण के साथ काम करेंगे।



# विकसित भारत के प्रति मोदी जी के स्नेह का प्रतीक है आशीर्वाद का दीया : डॉ .राजेश

## भाजपाइयों ने जनता के साथ हर घर, गली, कस्बे और चौराहों में जलाया आशीर्वाद का दीया

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 सितम्बर। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वां जन्मदिवस पर सेवा संकल्प अभियान के प्रथम दिवस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी और दीर्घायु के लिए आशीर्वाद एवं प्रार्थना से युक्त आशीर्वाद का दिया घर-घर, गली-गली, कस्बे कस्बे और धार्मिक स्थलों सहित सभी चौराहों पर दिया जलाया।**



कार्यक्रम संभागीय प्रभारी विजय दुबे के मार्गदर्शन एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अगुवाई एवं जिला संगठन प्रभारी वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र त्रिपाठी, लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक एवं पूर्व महामंत्री एवं पूर्व विधायक शरदेन्दु तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू राम जी सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रशरण सिंह चौहान, केके तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम के पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस की शुभकामनाओं के फलस्वरुप हम सभी लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए आशीर्वाद का दिया जला रहे हैं जिससे भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बने। भाजपा के जिला संगठन प्रभारी नरेंद्र त्रिपाठी ने आशीर्वाद का दिया प्रज्वलित करने के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्म दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मोदी जी के लोक सेवा के, जन सेवा के 25 वर्ष ऐतिहासिक उपलब्धियां से भर रहे हैं। लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्र ने आशीर्वाद का दिया प्रज्वलित करने के पश्चात कहा कि मेरे लोकसभा संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ पूरा देश आज मोदी जी को जन्म दिवस को हार्दिक शुभकामनाएं दे रहा है। 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने और लंबे समय तक हम सभी का मार्गदर्शन करने के लिए ईश्वर शक्ति और सामर्थ प्रदान करें, इसलिए करोड़ों करोड़ों कार्यकर्ता आज मोदी जी के जन्मदिवस पर आशीर्वाद का दिया जल रहे हैं।

### यशस्वी जीवन के लिए है आशीर्वाद का दीया : रीती

सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पश्चात कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर आशीर्वाद का दीया प्रज्वलित कर उनके उत्तम स्वास्थ्यए दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की मंगलकामना संपूर्ण विधानसभा की जनता जनार्दन के साथ की है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ .देवेन्द्र त्रिपाठी, पूर्व नपा अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मुन्नू, अशोक पटेल, विश्वबंधुधर द्विवेदी, ऊषा गोपाल पटेल, शिवदान साकेत, मनीला सिंह चौहान, अखिलेश पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, चंद्रपाल सिंह उइके, लोरिक प्रसाद यादव, रवि केसरी, गजराज सिंह चंदेल, पूजा सिंह कुशराम, उर्मिला साकेत, उमाशंकर यादव, सूर्य प्रताप सिंह, कपूर चन्द साहू, सुरेंद्र मणि दुबे, जगदंबा सोनी सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होकर आशीर्वाद का दिया जलाया। इसके पूर्व दिन भर जिले भर में धार्मिक अनुष्ठान और सेवा के कार्य चलते रहे।